


यूनिट 7

प्रदर्शित वस्तुओं को हटाना और साफ करना

Unit	Chapter
प्रदर्शित वस्तुओं को हटाना और साफ करना	प्रदर्शित वस्तुओं को हटाना और साफ करना
	हटाई गई प्रदर्शित वस्तुओं को रखना



यूनिट 7.1 प्रदर्शित वस्तुओं को हटाना और साफ करना

उद्देश्य

- प्रदर्शित वस्तुओं को हटाने और साफ करने के महत्व को समझना।
- प्रदर्शित वस्तुओं को सही तरीके से कैसे हटाएं और साफ करें।

मॉड्यूल

7.1.1 प्रदर्शित वस्तुओं को हटाना और साफ करना

7.1.1 प्रदर्शित वस्तुओं को हटाना और साफ करना

प्रदर्शित वस्तुओं का उद्देश्य पूरा होने के बाद उन्हें हटाना और साफ करना आवश्यक है ताकि भविष्य में उन्हें दोबारा उपयोग में लाया जा सके। ये वस्तुएं गोदाम में एक निश्चित समयावधि के लिए रखी जाती हैं। प्रदर्शन की समयावधि विशेष छूट, प्रोमोशन या कार्यक्रम की अवधि के आधार पर निर्धारित की जाती है। विशेष छूट या कार्यक्रम के समाप्त होने के बाद प्रदर्शित उत्पादों और वस्तुओं को प्रदर्शनी स्थल से हटा दिया जाना चाहिए। प्रदर्शित उत्पादों और वस्तुओं को हटाए जाने के दौरान निम्नलिखित बातों को ध्यान में रखना चाहिए –

- प्रदर्शित वस्तुओं को ध्यान और सावधानी के साथ हटाया जाना चाहिए।
- प्रदर्शन में इस्तेमाल की गई बड़ी वस्तुओं या अन्य सामानों को हटाए जाने के समय व्यक्तिगत सुरक्षा का भी ध्यान रखना चाहिए। यदि व्यक्तिगत सुरक्षा के उपकरणों की आवश्यकता है तो उनका प्रयोग अवश्य करना चाहिए, जैसे हैलमेट, चश्मा, दस्ताने इत्यादि।
- प्रदर्शन में इस्तेमाल की गई वस्तुओं जैसे पुतले, मेज, अलमारी, छोटे मॉडल आदि को बहुत सावधानी से हटाया जाना चाहिए ताकि वस्तुओं के किसी भी हिस्से को क्षति न पहुंचे। पुतलों को अच्छी तरह से साफ किया जाना चाहिए और भविष्य में दोबारा उपयोग के लिए अच्छी तरह से लपेट कर रखा जाना चाहिए।
- प्रदर्शित उत्पादों और वस्तुओं को सुव्यवस्थित ढंग से साफ, पैक और रखा जाना चाहिए ताकि बाद में उन्हें आसानी से बेचा जा सके।
- यदि प्रदर्शन में लाइट्स का उपयोग किया गया है तो ध्यान रखें कि लाइटिंग व्यवस्था को हटाने से पहले बिजली के स्रोत को बंद किया जाना चाहिए।
- प्रदर्शित उत्पादों और वस्तुओं को हटाने के बाद सफाई सामग्री जैसे डिटरजेंट, कीटाणुनाशक आदि की मदद से प्रदर्शन स्थल की अच्छी तरह से सफाई की जानी चाहिए। सफाई हो जाने के बाद गीले फर्श को सुखाना न भूलें ताकि कोई दुर्घटना न हो।
- वस्तुओं को हटाने और सफाई के दौरान उस स्थान को स्पष्ट रूप से चिह्नित करने के लिए चेतावनी सूचक या साइनेज का उपयोग किया जाना चाहिए, जैसे सफाई कार्य प्रगति पर है, गीला फर्श इत्यादि।

- प्रदर्शन के बाद काम न आने वाले बचे हुए सामानों को जैसे लकड़ी के छोटे टुकड़े, कागज़ और तार के टुकड़े आदि को फेंक देना चाहिए। ऐसे सामानों को फेंकते समय उन्हें सड़ने वाली या न सड़ने वाली वस्तुओं, दोबारा प्रयोग में आने वाली या दोबारा प्रयोग में न आने वाली वस्तुओं की श्रेणियों में बांटा जाना चाहिए ताकि इन वस्तुओं को सुरक्षित रूप और सही तरीके से फेंका जा सके।
- सफाई के लिए प्रयोग में आने वाली सामग्री व उपकरण उच्च गुणवत्ता के और दुकान के निर्देशों के अंतर्गत स्वीकृत होने चाहिएं। समय या धन बचाने के लिए सस्ते और अप्रभावी सामग्री का प्रयोग करने का प्रयास न करें। सफाई हो जाने के बाद सफाई सामग्रियों को सुरक्षित रूप से रखा जाना चाहिए अन्यथा इन सामग्रियों में इस्तेमाल रसायन स्वास्थ्य के लिए खतरनाक हो सकते हैं।
- जिन वस्तुओं की आवश्यकता नहीं है ऐसी अवांछित वस्तुओं को सुरक्षित रूप से फेंक देना चाहिए और इसका एक रिकॉर्ड या सूची बनाकर रखनी चाहिए।

सैद्धान्तिक अभ्यास

1. व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों में शामिल है –
   a) कंगन
   b) गले का हार
   c) दस्ताने
   d) इनमें से कोई नहीं
2. प्रदर्शन के समाप्त हो जाने पर पुतलों को –
   a) हटाकर फेंक देना चाहिए
   b) उसकी जगह पर रखा जाना चाहिए
   c) साफ और पैक किया जाना चाहिए
   d) इनमें से कोई नहीं
3. किसी भी तरह की सफाई सामग्री का प्रयोग किया जा सकता है –
   a) हाँ
   b) सफाई सामग्री की आवश्यकता नहीं है
   c) केवल उच्च गुणवत्ता वाली और स्वीकृत सामग्री
   d) इनमें से कोई नहीं
4. किसी भी अवांछित सामग्री या वस्तु को ऐसे ही फेंक देना चाहिए –
   a) हाँ
   b) थैलों में डालकर फेंक देना चाहिए
   c) दोबारा प्रयोग में आने वाली या दोबारा प्रयोग में न आने वाली वस्तुओं की श्रेणियों में बांटा जाना चाहिए और सावधानी से फेंका जाना चाहिए
   d) इनमें से कोई नहीं

हमनें सीखा

- प्रदर्शन के बाद प्रदर्शित वस्तुओं को हटाना।
- प्रदर्शित वस्तुओं को साफ करना और रखना।

यूनिट 7.2 हटाई गई प्रदर्शित वस्तुओं को रखना

उद्देश्य

- हटाई गई प्रदर्शित वस्तुओं को सुव्यवस्थित ढंग से कैसे रखें।

मॉड्यूल

7.2.1 हटाई गई प्रदर्शित वस्तुओं को रखना

प्रदर्शित वस्तुओं को हटाने के बाद उन्हें अच्छी तरह से रखा जाना चाहिए। हटाई गई प्रदर्शित वस्तुओं को सुव्यवस्थित ढंग से रखने का उद्देश्य उनकी सुरक्षा और उन्हें भविष्य में पुनः उपयोग करने योग्य बनाना है। हटाई गई वस्तुओं को रखते समय निम्नलिखित बातों को ध्यान में रखना चाहिए –

- सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण बात है – हटाई गई वस्तुओं को रखने के लिए पर्याप्त जगह। जिन वस्तुओं को हटाया जाना है उनकी मात्रा या संख्या का ध्यान से अवलोकन किया जाना चाहिए ताकि उसके अनुसार जगह का प्रबंध किया जा सके।
- जगह की व्यवस्था होने के बाद, ऐसी वस्तुओं या उत्पादों की पहचान करने की ज़रूरत है जिन्हें सुरक्षात्मक तरीके से पैक करने की आवश्यकता है और उसके अनुसार ही विभिन्न प्रकार की पैकेजिंग की व्यवस्था की जानी चाहिए। आम तौर पर इस्तेमाल होने वाली पैकेजिंग में बबल पैक, पॉलीथीन शीट्स, गत्ते के डिब्बे, थर्मोकॉल शीट्स, कागज़, फॉयल, चिपकने वाली टेप आदि शामिल हैं।
- व्यक्तिगत और प्रदर्शित वस्तुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा उपायों का पालन किया जाना चाहिए।
- हटाई गई वस्तुओं पर स्पष्ट रूप से लेबल या सूचना अंकित की जानी चाहिए। लेबलिंग में वस्तु का प्रकार, उत्पाद की समाप्ति तिथि, गोदाम का नाम आदि का उल्लेख किया जाना चाहिए। वस्तुओं या उत्पादों की लेबलिंग बहुत महत्वपूर्ण है ताकि उन्हें आसानी से ढूंढा जा सके और सूची प्रबंधन या इंवैन्टरी मैनेजमैन्ट में मदद मिल सके। लेबलिंग होने के बाद सभी वस्तुओं को उपयुक्त स्थानों पर रखा जाना चाहिए। उदाहरण के लिए, नाजुक या फ्रेजाइल वस्तुओं या उत्पादों को अन्य भारी वस्तुओं (विशेषकर धातु की वस्तुओं) के साथ नहीं रखा जाना चाहिए ताकि वे टूट न जाएं। इसी प्रकार, कपड़ों को भी उनके आकार, प्रकार या ब्राण्ड के अनुसार लेबल और रखा जाना चाहिए।
- जिन वस्तुओं को गोदाम में रखा जाना है उन वस्तुओं की एक सूची या रजिस्टर बनाया जाना चाहिए और नियमित रूप से उसको अपडेट (नई वस्तुओं को सूची में जोड़ना) किया जाना चाहिए। ऐसा करने से गोदाम में रखी सभी वस्तुओं की सही जानकारी रहती है और ज़रूरत पड़ने पर इन वस्तुओं या उत्पादों का उपयोग किया जा सकता है।
- गोदाम में किसी भी वस्तु के टूटने या रिसाव होने से रोकने के लिए सावधानी बरतनी चाहिए ताकि कोई नुकसान या दुर्घटना न हो। किसी भी क्षतिग्रस्त या लापता वस्तु की पहचान के लिए गोदाम की नियमित जांच की जानी चाहिए। इस तरह की घटनाओं (क्षतिग्रस्त और लापता वस्तुओं) की सूचना दुकानदार पर्यवेक्षक या सुपरवाइज़र और सूची प्रबंधक या इंवैन्टरी मैनेजर को तुरन्त दी जानी चाहिए। यदि किसी

वस्तु की मरम्मत की आवश्यकता है तो सुपरवाइज़र को बता देना चाहिए।

- गोदाम हमेशा साफ होना चाहिए और वहाँ पर रोशनी की अच्छी व पर्याप्त व्यवस्था भी होनी चाहिए ताकि किसी दुर्घटना से बचा जा सके। यदि गोदाम साफ और सुरक्षित नहीं है तो रखी गई वस्तुओं के टूटने, अलमारी से वस्तुओं का गिरना, आग या चोरी जैसी दुर्घटनाओं की संभावना ज्यादा होती है।
- गोदाम ऐसी जगह होना चाहिए जहाँ सुपरवाइज़र द्वारा अधिकृत आदमी आसानी से पहुंच सकें।

सैद्धान्तिक अभ्यास

1. प्रदर्शन के बाद हटाई गई वस्तुओं को रखने की आवश्यकता है क्योंकि –
   a) भविष्य में वस्तुओं को कबाड़ में बेचा जा सके
   b) वस्तुओं को सुरक्षित रखा जा सके
   c) वस्तुओं को सुरक्षित और बिक्री के योग्य बनाया जा सके
   d) इनमें से कोई भी नहीं
2. गोदाम की व्यवस्था होने के बाद –
   a) वस्तुओं को रखा जाना चाहिए
   b) वस्तुओं को बेचा जाना चाहिए
   c) वस्तुओं की सुरक्षात्मक पैकेजिंग की जानी चाहिए
   d) इनमें से कोई नहीं
3. प्रदर्शन से हटाई गई वस्तुओं की लेबलिंग उत्पाद की कीमत बताने के लिए की जाती है –
   a) सही
   b) गलत
   c) वस्तुओं को आसानी से ढूंढने और सूची प्रबंधन में मदद के लिए
   d) इनमें से कोई नहीं
4. गोदाम की नियमित जांच की आवश्यकता है –
   a) जगह से परिचित होने के लिए
   b) किसी भी वस्तु के टूटने या रिसाव को जानने और उसकी सूचना देने के लिए
   c) नियमित जांच की आवश्यकता नहीं है
   d) इनमें से कोई नहीं
5. यदि गोदाम में रोशनी का पर्याप्त प्रबंध नहीं है तो सुरक्षा को किस प्रकार खतरा हो सकता है?
   a) रोशनी के अपर्याप्त प्रबंध से सुरक्षा को कोई खतरा नहीं है
   b) गोदाम में रोशनी की आवश्यकता नहीं है
   c) कर्मचारियों के वस्तुओं से टकराने या गिरने, दीवार या डिब्बों से टकराने या चोरी जैसी दुर्घटनाएं हो सकती हैं
   d) इनमें से कोई नहीं

हमनें सीखा

- प्रदर्शन के बाद हटाई गई वस्तुओं को सुव्यवस्थित ढंग से रखना।